भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 3997
(जिसका उत्तर गुरुवार, 21 मार्च, 2013/30 फाल्गुन, 1934 (शक) को दिया गया)

कंपनियों के लाभांश

3997. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :
डा. मुरली मनोहर जोशी :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय अर्थव्यवस्था निगरानी केन्द्र के मूल्यांकन से यह दिखता है कि अधिकांश क्षेत्रों के कंपनियों का लाभांश दिसंबर, 2012 को समाप्त तीसरी तिमाही में 26 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना थी;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को उक्त अवधि में देश में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों को अधिक घाटा होने के बारे में जानकारी है; और
(घ) यदि हां, तो उन क्षेत्रों के नाम क्या हैं और विभिन्न क्षेत्रों की उन कंपनियों का ब्यौरा क्या है जिनका लाभांश उक्त अवधि में 26% से ज्यादा बढ़ गया है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री सचिन पायलट)

(क) से (घ) : भारतीय अर्थव्यवस्था निगरानी केन्द्र (सीएमआईई) ने सूचित किया है कि उन्होंने ऐसा कोई आकलन नहीं किया है जिससे यह इंगित होता हो कि दिसंबर,

2012 में समाप्त तृतीय तिमाही में कंपनियों का लाभांश 26% तक पहुंचने की संभावना है।

*****